# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)
**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**
**(दूरभाष / फैक्स : 01342—252649)**
**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 1730 / प्रेस कटिंग / 19 दिनांकः—06.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :— <u>उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई0पेपर अमर उजाला दिनांक 05 मई 2026 प्रेस कटिंग **" जल निगम की टूटी सड़कों और श्मशान घाट का मुद्दा उठा "** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः—

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त पेपर कटिंग में नजीबाबाद। उपायुक्त एवं निबंधक सहकारिता उप्र एवं नोडल अधिकारी ने ग्राम पंचायत जालबपुर गूदढ़ में आयोजित चौपाल में विकास कार्यों की समीक्षा की। जल जीवन मिशन की अधूरी योजना, श्मशान घाट निर्माण और स्कूल में मानक से अधिक शिक्षकों का मुद्दा उठा। उपायुक्त एवं निबंधक सहकारिता योगेश कुमार ने मंगलवार को ग्राम पंचायत जालबपुर गूदढ़ के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। पंचायत भवन में सीडीओ रण विजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, बीडीओ दीपक तेवतिया और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में हुई समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जल जीवन मिशन की अधूरी योजना, टूटी सड़कों, श्मशान घाट का मुद्दा छाया रहा। ग्रामीण ने जल जीवन मिशन की टंकी का निर्माण न होने, पाइप लाइन डालने के बाद खस्ताहाल सड़कों से हो रही दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाया।<br>ग्राम प्रधान नंदिनी राजपूत एवं प्रधान के पति हिमांशु राजपूत ने 2024 से श्मशान घाट निर्माण में आ रहीं बाधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने निर्माण पर स्टे न होने के बावजूद निर्माण कार्य रोके जाने से नोडल अधिकारी को अवगत कराया। आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता ने तहसीलदार को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।<br>विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान प्राथमिक स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या काफी कम होने और सात शिक्षकों की तैनाती पर आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग को विद्यार्थी मानक के अतिरिक्त शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में भेजने को कहा। ग्राम चौपाल में डीसी मनरेगा वीरेंद्र यादव, डीडीओ रचना गुप्ता, डीपीआरओ प्रीतम सिंह, बीडीओ दीपक तेवतिया,तहसीलदार संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार उपस्थित रहे। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जालबपुर गूदढ़, विकास खण्ड नजीबाबाद में फेज—।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>वर्तमाान में ग्राम **जालबपूर गूदढ़, विकास खण्ड नजीबाबाद** में निर्माणाधीन पेयजल योजना में टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, ओवर हैड का कार्य हाफ स्टेजिंग तक हो चुका है। योजना में 18.04 कि0मी0 पाइप लाईन के सापेक्ष 14.35 कि0मी0 का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, रोड रेस्टोरेशन का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण है एवं 1028 नग एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष 615 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, एवं सौलर अधिष्ठापन का कार्य अवशेष है। उक्त योजना पर प्राथमिकता पर कार्य पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता के कार्यालय पत्रांक 42 / जल जीवन मिशन / 07 दिनांक 06.01.2025 के द्वारा भी एजेन्सी को पत्र लिखा गया है।<br>योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में एजेन्सी के पत्रांक 1136/LC Infra/Bijnor Dated 06-05-2026 के द्वारा योजना के कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया है। एवं यह भी अवगत कराया गया है कि पेयजल योजना के कैम्पस में आवागमन के स्थाई मार्ग पर अतिक्रमण हो जाने के कारण आवागमन सम्भव नहीं है और इसके अतिरिक्त जो मार्ग आवागमन के लिए उपलब्ध है वह मार्ग नहर के किनारे एवं मुख्य ऊचाई से तीन मीटर गहरा है और आवागमन के के लिए संतुलित नहीं है। जिस कारण योजना के कैम्पस के कार्य बाधित है कैम्पस तक सामग्री ले जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग तलाशा जा रहा है, वैकल्पिक मार्ग प्राप्त होते ही योजना के अवशेष कार्य को शीध्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जायेगी। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता


पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2— जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3— मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4— श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता / श्री एम0अली जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5— प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0 लि0—गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना से समयान्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारु करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता


## ग्राम पंचायत जालबपुर गूदड़, विकास खण्ड नजीबाबाद, जनपद बिजनौर









# OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ,
# DIVISIONAL OFFICE ,U.P. JAL NIGAM (RURAL),BIJNOR

ADDRESS- NEAR LADAPURA WATER WORKS ,JHALU ROAD BIJNOR , (U.P.)
EMAIL- ee_bjncdupjn@yahoo.co.in

Letter: 42 / Jal Jeevan Mission / 07 Date: 06.01.2026

To,

PROJECT MANAGER ,
LC INFRA PVT LIMITED ,
BIJNOR

**SUBJECT:** Prioritization and completion of works in **Village Jalabpur Guddar (Block: Najibabad)** for Expected upcoming inspection under the Aspirational Block Program.

DEAR SIR,

With reference to the attached letters from the **Chief Development Officer (CDO), Bijnor,** dated December 18, 2025 (LetterNo.1388/आ०वि०पत्रा०/2025-26 and LetterNo. 1387/आ०वि०ख० /के०प्र०अधि०/2025-26 ), please be informed of the following:

- **Appointment of Central Officer:** Shri Vipul Singhal (IRTS: 2008) has been appointed as the **Central Prabhari Officer (CPO)** for the Aspirational Block Program in District Bijnor.
- The CPO is scheduled to conduct a **physical site verification** (स्थलीय सत्यापन) of one village in each aspirational block (Najibabad and Kotwali) to review the progress of departmental indicators.
- **Action Required:** In view of the above, you are here by directed to take **Village Jalabpur Guddar (Block: Najibabad)** on top priority. You must ensure:
  - The immediate completion of all ongoing civil and electrical works.
  - The establishment of a **regular and functional water supply** to all households.
  - The site is fully prepared and compliant with all departmental standards for the upcoming inspection by the Central Prabhari Officer.

Please treat this matter as **most urgent**. Any negligence in the preparation of this village for the inspection will be your firm's responsibility.

**ATTATCHED -Office Order (Letter No. 1387) regarding CPO appointment.**

**SHUBHAM SAXENA**
**(ASSISTANT ENGINEER)**

**COPY TO,**

1. Executive Engineer , divisional office ,U.P. Jal Nigam,(Rural),(Bijnor) for kind information .
2. Concerning Junior Engineer , divisional office U.P. Jal Nigam,(Rural),(Bijnor)for necessary actions.
3. DPM TPI M/s Aarvee Associate, Bijnor.

**(ASSISTANT ENGINEER)**

lc infra

(Formerly known as Laxmi Construction)

पत्रांक:- 1136/LCInfra/Bijnor

दिनांक :06-05-2026

सेवा में,

अधिशाशी अभियंता

खण्ड कार्यालय,

ऊ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

बिजनौर।

**विषय :-** जिला बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत जालबपुर गुदड़, ब्लॉक नजीबाबाद में न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायत के संबंध में।

महोदय ,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई०पेपर अमर उजाला दिनांक 05 मई 2026 प्रेस कटिंग " जल निगम की टूटी सड़कों और श्मशान घाट का मुद्दा उठा "के सम्बन्ध में आख्या चाही गयी है। उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम **जालबपूर गूदढ़, विकास खण्ड नजीबाबाद** पेयजल योजना में कैम्पस में आवागमन के स्थाई मार्ग पर अतिक्रमण हो जाने के कारण आवागमन सम्भव नहीं है, इसके अतिरिक्त जो मार्ग आवागमन के लिए उपलब्ध है वह मार्ग नहर के किनारे है एवं मुख्य ऊचाई से तीन मीटर गहरा है और आवगमन के लिए संतुलित नहीं है। जिस कारण कैम्पस में सामग्री लाना–लेजाना सम्भव नहीं हो पा रहा है इसी कारण कैम्पस का निर्माण कार्य, अवर जलाशय व शेष निर्माण कार्य बाधित हो गया हैं उक्त योजनाओं के कार्य पूर्ण करने हेतु वैकल्पिक मार्ग तलाशा जा रहा है।

ग्राम **जालबपूर गूदढ़, विकास खण्ड नजीबाबाद** पेयजल योजना में टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, ओवर हैड का कार्य हाफ स्टेजिंग तक हो चुका है। योजना में 18.04 कि०मी० पाइप लाईन के सापेक्ष 14.35 कि०मी० का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, रोड रेस्टोरेशन का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण है एवं 1026 नग एफ०एच०टी०सी० के सापेक्ष 615 नग एफ०एच०टी०सी० का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, एवं सौलर अधिष्ठापन का कार्य अवशेष है।

वैकल्पिक मार्ग मिलने पर ग्राम में कैम्पस निर्माण कार्य, अवर जलाशय व अन्य अवशेष निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करा दिया जायेगा।

एल०सी०इंफ्रा० प्रोजेक्ट्स प्रा०लि०

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED
CIN:U45209GJ2018PTC103009
409-410, 401, Iscon Elegance, Near Jain Temple, Prahladnagar Cross Road, S G Highway, Ahmedabad, Gujarat, India. PIN - 380 015.

ISO 9001:2015 CERTIFIED

Tele : +91 66168765/66
E-Mail : info@laxmibiz.com
Web : laxmibiz.com

Scanned with OKEN Scanner